अंबेडकर विवि में पीजी दाखिला पंजीकरण शुरू

जासं, नई दिल्ली: अंबेडकर विश्वविद्यालय में पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) पाठ्यक्रमों में सत्र 2020-21 में दाखिले के लिए 2 सितंबर से ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गए हैं। इन पाठ्यक्रमों में दाखिले के इच्छुक छात्र 30 सितंबर तक दाखिले के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। विश्वविद्यालय में पीजी पाठ्यक्रमों में कुल 879 सीटें हैं। इनमें से एमए हिंदी और एमबीए पाठ्यक्रम इसी साल शुरू किए गए हैं।

Dainik Jagran 03.09.2020

अवसर : एयूडी में पीजी के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

Hindustan Hindi 03.09.2020

ऑनलाइन आवेदन

- 30 सितम्बर तक किया जा सकेगा ऑनलाइन आवेदन
- 20 पाठ्यक्रमों की 879 सीटों के लिए आवेदन आमंत्रित

अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) ने शैक्षणिक सत्र 2020-21 से परास्नातक (पीजी) पाठ्यक्रमों में दाखिला के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत 30 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

आवेदन आमंत्रित : एयूडी ने पीजी स्तर के 20 पाठ्यक्रमों की 879 सीटों में दाखिला के लिए यह आवेदन आमंत्रित किये हैं। यह सभी पाठ्यक्रम एयूडी के कश्मीरी गेट, कर्मपुरा व लोधी रोड परिसर में संचालित होते हैं। इसमें एमबीए पाठ्यक्रम की 44 सीटें भी शामिल हैं।

प्रवेश परीक्षा के आधार पर पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिला : एयूडी जहां स्नातक पाठ्यक्रमों की सीटों में दाखिला मेरिट के आधार पर देता है। वहीं परास्नातक सीटों में दाखिला के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन करता है। एयूडी से मिली जानकारी के अनुसार अभी परीक्षा की तारीखों की घोषणा नही की गई है। आवेदन प्रक्रिया खत्म होने के बाद तारीखों का एलान होगा।

स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिला के लिए 14 सितंबर तक आवेदन : अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली में शैक्षणिक सत्र 2020-21 में स्नातक पाठ्यक्रमों की सीटों में दाखिला के लिए आवेदन प्रक्रिया चालू है। एयूडी ने 20 जुलाई से आवेदन प्रक्रिया शुरू की थी, जिसके तहत 14 सितंबर तक आवेदन किया जा सकता है।

PG admission opens at AUD

New Delhi: Ambedkar University on Wednesday announced admission to its postgraduate programmes for the academic year 2020-21. MA admission forms will be available on the university website from September 2-30. **ENS**

Indian Express 03.09.2020

Admissions to PG courses at Ambedkar Univ begin

New Delhi: The registration process for admissions to Ambedkar University postgraduate programmes began on Wednesday and will end on September 30. "All the applicants are informed that the registration process will be completely online for all the categories. The details and subsequent procedures are provided in the Bulletin of Information, which is available online and can be downloaded," the university statement issued on Wednesday said. AUD offers a total of 879 seats for 20 postgraduate programmes. TNN

TOI 03.09.2020

AUD launches application process for PG admissions

The Hindu 03.09.2020

NEW DELHI

Ambedkar University Delhi (AUD) on Wednesday launched the application process for admission to postgraduate programmes for academic session 2020-21.

The last date for registration the varsity said will be September 30.

"All eligible applicants are informed that the registration process for the postgraduate programmes will be completely online for all categories. The details of registration process and subsequent procedures are provided in the 'Bulletin of Information', which is available online and can be downloaded," the university said.

The university offers 20 postgraduate programmes that offer 879 seats in total. Of these, 15 programmes are in Kashmere Gate Campus, three in Karampura Campus and two in Lodhi Road campus.

Amar Ujala 03.09.2020

अंबेडकर यूनिवर्सिटी पीजी प्रोग्राम में दाखिले की दौड़ शुरू

नई दिल्ली। डॉ. बीआर अंबेडकर यूनिवर्सिटी दिल्ली ने शैक्षणिक सत्र 2020-21 में पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम में दाखिले के लिए आवेदन खिड़की खोल दी है। इच्छुक छात्र 30 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन पत्र भर सकते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक, पोस्ट ग्रेजुएट में 20 प्रोग्राम की पढ़ाई करवाई जाती है। कुल 879 सीटों पर दाखिले होंगे। विश्वविद्यालय के कश्मीरी गेट कैंपस में पीजी प्रोग्राम के 15 कोर्सेज की कक्षाएं चलती हैं, जबकि कर्मपुरा कैंपस में तीन कोर्सेज और दो कोर्सेज की पढ़ाई लोदी रोड कैंपस में होती है। छात्र अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://aud.ac.in/admissions/pg_admissions/2020 देख सकते हैं।